# B.A. (Honours) Semester-III Examination 2014
## HINDI
### Paper : VI (H-6)

**Time : Three Hours** **Full Marks : 40**

Questions are of value as indicated in the margin

1. निम्नलिखित अवतरणों में से किनही **दो** की सप्रसंग व्याख्या कीजिए — 8×2 =16

(क) नाचत आवत पात पात हिहिनात
तुरग चलत चाल पवन प्रभात।
आवै गुंजरत रस फूलन को लेत
प्रात को पवन भौंर सोभा अति देत।
सौरभ सुमद धारा ऊँचौ किए मस्त
गज सो आवत चल्यौ पवन प्रसस्त।
फुलावत हिय-कंज जीवन सुखद
सज्जन सो प्रात पवन सोहै बिना मद।

(ख) मरने को जग जीता है!
रिसता है जो रन्ध्रपूर्ण घट,
भरा हुआ भी रीता है।
यह भी पता नहीं, कब किसका
समय कहाँ आ बीता है?
विष का परिणाम निकलता
कोई रस क्या पीता है?

(ग) ऊँची काली दीवारों के घेरे में
डाकू, चोरों, बटमारों के डेरे में
जीने को देते नहीं पेट भर खाना,
मरने भी देते नहीं, तड़प रह जाना!
जीवन पर अब दिनरात कड़ा पहरा है,
शासन है, या तम का प्रभाव गहरा है?

(घ) इस विस्मय का क्या समाधान?
रह-रह कर यह क्या होता है?
जो है अग्रणी वही सबसे
आगे बढ़ धीरज खोता है
फिर उसकी क्रोधाकुल पुकार
सबको बेचैन बनाती है
नीचे कर क्षीण मनुजता को
ऊपर पशुत्व को लाती है।

2. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** के उत्तर दीजिए — 12×2 =24

(क) भारतेन्दु की पठित कविताओं के आधारपर उनकी काव्यगत विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।
(ख) 'यशोधरा' के आधार पर 'यशोधरा' का चरित्र चित्रण कीजिए।
(ग) 'हिमकिरीटिनी' कविता का काव्य-सौन्दर्य स्पष्ट कीजिए।
(घ) 'कुरुक्षेत्र' के षष्ठ सर्ग की काव्यगत विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

---